दिन– सोमवार | दिनांक– 04 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | संपादक– कृष्ण कुमार लाल
अवधिः– 15 मिनट | टंकक– गोपाल कुमार

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **अभिषेक दास** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करने की घोषणा की। शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में अब सिर्फ राज्य के मूल निवासी ही कर सकेंगे आवेदन।

02. झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन का इक्यासी वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन। कल रामगढ़ के नेमरा गांव में होगा अंतिम संस्कार।

03. पूरे प्रदेश में हो रही है झमाझम बारिश। पूर्णियां में रिकॉर्ड दो सौ इकहत्तर मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

04. और, आज सावन की अंतिम सोमवारी है। मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों को लगा है तांता।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में डोमिसाइल नीति लागू करने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद शिक्षक नियुक्ति के लिए सिर्फ राज्य के मूल निवासी ही पात्र होंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि इस संबंध में शिक्षा विभाग को नियम में आवश्यक संशोधन करने के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डोमिसाइल नीति शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण से ही प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का पांचवा चरण वर्ष दो हजार छब्बीस में आयोजित होगा। वहीं, छठे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा से पहले माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–एसटीईटी भी आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में अभ्यर्थी लंबे समय से डोमिसाईल नीति लागू करने की मांग कर रहे थे।

---

झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का आज इक्यासी वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश

कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दुःख जताया है। इस बीच, झारखंड में आज से तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। वहीं, झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। कल रामगढ़ के नेमरा गांव में उनका अंतिम संस्कार होगा। शिबू सोरेन को आकाशवाणी समाचार की एक श्रद्धांजलि–

———बाइट———

शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को झारखंड के रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव में हुआ था। वर्ष 1970 में उन्होंने 'धान कटनी आंदोलन' शुरू किया और सूदखोर महाजनों के खिलाफ खुलकर सामने आए। शिबू सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की स्थापना की और वे उसके संस्थापक और संरक्षक रहे। शिबू सोरेन ने पहली बार 1980 में लोक सभा चुनाव जीता। 10 अप्रैल 2002 से 2 जून, 2002 तक वे राज्यसभा के सदस्य रहे। 2004 में वे दुमका से लोकसभा के लिये चुने गये। शिबू सोरेन 8 बार चुनाव जीतकर लोकसभा सांसद बने। शिबू सोरेन तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री भी बने। वर्तमान में श्री सोरेन राज्यसभा के सदस्य थे। झारखंड की राजनीति में शिबू सोरेन एक अहम नाम के साथ–साथ झारखंड की राजनीति के लिए एक मजबूत स्तंभ भी थे। उन्होंने आदिवासी समाज के हक के लिए कई आंदोलन किए। उनके निधन से झारखंड की राजनीति में एक युग का अंत हो गया है। शिल्पी, आकाशवाणी समाचार, रांची।

———————————————————

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने मतदाता प्रारूप सूची पर दावा आपत्ति दर्ज नहीं करवाई है। चुनाव आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आम मतदाताओं की ओर से अब तक एक हजार नौ सौ सत्ताईस दावा आपत्ति की गई है।

———————————————————

शिवहर विधायक चेतन आनंद और पटना एम्स के चिकित्सकों के बीच कथित दुर्व्यवहार को लेकर रेजिडेंट और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी है। हड़ताली चिकित्सकों ने आज आईपीडी और ओपीडी सेवाओं को पूरी तरह बाधित कर दिया। अब तक लगभग एक सौ पचास ऑपरेशन टाल दिए गए है। हड़ताल के कारण मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ रहा है। इधर, प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने कहा है कि विधायक चेतन आनंद द्वारा दर्ज एफआईआर वापस लेने और परिसर में पर्याप्त तथा स्थाई सुरक्षा बल की तैनाती होने तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली ने आज न्यायामूर्ति अजित कुमार को पद की शपथ दिलाई।

---

आज सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी है। इस अवसर पर पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

–––म्यूजिक–––

मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। सावन का अंतिम सोमवार भगवान शिव को प्रसन्न कर अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण करने का अंतिम अवसर माना जाता है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

–––म्यूजिक–––

---

बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने चतुर्थ स्नातक स्तरीय परीक्षा का विज्ञापन जारी कर दिया है। कुल एक हजार चार सौ इक्यासी पदों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। परीक्षा फॉर्म अठारह अगस्त से भरे जायेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि सत्रह सितम्बर निर्धारित है।

---

मॉनसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णियां में रिकॉर्ड दो सौ इकहत्तर मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, दरभंगा के हायाघाट में एक सौ छप्पन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के निदेशक आशीष कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा अगले एक सप्ताह तक राज्य में मॉनसून की सक्रियता से बारिश की गतिविधि जारी रहेगी। खास कर उत्तर बिहार में कई जगहों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसके चलते बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

———बाइट———

इधर, विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण और सीवान जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश जबकि गोपालगंज, सीतामढ़ी, किशनगंज और अररिया जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

---

इधर, लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा, सोन, बूढ़ी गंडक और कोसी नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान को पार कर गया है। इसे देखते हुए जल संसाधान विभाग ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

---

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के दीघाघाट, गांधीघाट और हाथीदह में नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से दियारा इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। भोजपुर जिले में भी गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बड़हरा प्रखंड के सरैयां–केशोपुर पथ पर कई जगह बाढ़ का पानी चढ़ गया है। कोईलवर प्रखंड के ज्ञानपुर गांव में भी बाढ़ का पानी फैलने लगा है। नेकनाम टोला पंचायत के निचले इलाकों में पानी बढ़ जाने से सभी सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा के साथ–साथ कर्मनाशा नदी के भी जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

———बाइट———

गंगा और कर्मनाशा नदी के उफान पर रहने के चलते कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कर्मनाशा नदी का पानी बक्सर–मोहनिया स्टेट हाईवे पर दो फीट तक बह रहा है। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। वहीं, चौसा थाना क्षेत्र के अखौरीपुर गोला के पास भी पानी के तेज बहाव के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। बनारपुर गांव पूरी तरह जलमग्न हो गया है। लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। एसडीओ अविनाश कुमार ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन हर आवश्यक कदम उठा रहा है। आकाशवाणी समाचार के बक्सर से शशांक शेखर।

बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से जिले के कई इलाकों में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति बन गई है।

———बाइट———

जिले के शाम्हो प्रखंड में गंगा नदी का पानी तेजी से फैलने लगा है। सड़कों पर भी पानी चढ़ने लगा है। सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल डूब कर नष्ट हो गई है। शाम्हो में बरसाती नदी क्यूल का पानी भी तेजी से बढ़ रहा है। जगन सैदपुर और पुरानी डीह के बीच पानी आ जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है। प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों के बीच पॉलिथीन शीट उपलब्ध कराई गई है। साथ ही नाव की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

इधर, खगड़िया में गंगा के साथ–साथ बूढ़ी गंडक और कोसी नदी अपने रौद्र रूप में है। नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से कई तटवर्ती इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। मुंगेर में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

हमारे भागलपुर संवाददाता ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते जिले से होकर गुजरने वाली कई छोटी–बड़ी नदियां उफान पर है।

———बाइट———

गंगा के साथ–साथ चांदन, कोकर, कतरिया, जोरी और कोलुहा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। चांदन और कतरिया नदी के तटबंध भी टूट गए हैं। इस कारण बड़ी और छोटी दोस्तानी, डंडा बाजार, वादे डहरपुर, फाजिलपुर, भयगांव, डहरपुर और चकदरिया सहित 10 गांवों के 250 से अधिक घरों में पानी घुस गया है। कई लोग अब गांव से पलायन करने लगे हैं। गोराडीह की सीओ तान्या कुमारी ने सारथ डहरपुर और उस्तु पंचायत का दौरा कर प्रभावित इलाके का जायजा लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के डिस्चार्ज में गिरावट आने के बावजूद वीरपुर कोसी बराज पर दबाव बना हुआ है।

———बाइट———

आज दोपहर दो बजे तक कोसी बराज में एक लाख उनासी हजार सात सौ चालीस क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हालांकि यह कल की तुलना में कम है लेकिन एहतिहात के तौर पर बराज के छप्पन में से छब्बीस फाटक खोल दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग की टीम

स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। इधर, पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर बसे कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

बांका से हमारे संवाददाता ने बताया कि लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए है।

———बाइट———

मुंगेर और बांका जिले की सीमा पर स्थित बदुआ नदी का जलस्तर बढ़ने से कांवड़ियों की यात्रा प्रभावित हुई है। प्रशासन ने कांवड़ियों से नदी को पार करने की जगह वैकल्पिक मार्ग से गुजरने की अपील की है। नदी पर बने पुल पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। इधर, चांदन नदी और ओढ़नी नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते तटवर्ती गांवों पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बांका–अमरपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ओढ़नी नदी पर बने डायवर्जन पर भी कटाव का खतरा बढ़ गया है। जिले के शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली लोहागढ़ और बूढ़वा बांध नदी का पानी अभी भी कई निचले इलाकों में फैला हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए बांका से बिदु शेखर।

---

भारत ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को ओवल टेस्ट में छह रनों से पराजित कर दिया। भारत की जीत के साथ ही तेंदुलकर एंडरसन ट्रॉफी दो– दो से बराबरी पर रही।

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करने की घोषणा की। शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में अब सिर्फ राज्य के मूल निवासी ही कर सकेंगे आवेदन।
02. झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन का इक्यासी वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन। कल रामगढ़ के नेमरा गांव में होगा अंतिम संस्कार।
03. पूरे प्रदेश में हो रही है झमाझम बारिश। पूर्णियां में रिकॉर्ड दो सौ इकहत्तर मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।
04. और, आज सावन की अंतिम सोमवारी है। मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों को लगा है तांता।

---

समाप्त